पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

जार्ज फर्नाडीस लोकप्रिय नेता हैं - राज्यपाल

लखनऊः 03 जून, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज पूर्व रक्षा मंत्री, श्री जार्ज फर्नाडीस के जन्मदिवस के अवसर पर समता मंच द्वारा नगर निगम के त्रिलोकनाथ हाल में आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि श्री जार्ज फर्नाडीस के बारे में मेरे मन में जो भावना है उसे व्यक्त करने आया हूँ। यह प्रसन्नता की बात है कि उनके बारे में अपना अनुभव बताने का अवसर मिला। राज्यपाल ने श्री फर्नाडीस को स्वस्थ एवं दीघार्यु की शुभेच्छा भी दी।

राज्यपाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि श्री जार्ज फर्नाडीस लोकप्रिय नेता हैं जो सदैव विचारों की लड़ाई के पक्षधर रहे हैं। श्री फर्नाडीस और पूर्व प्रधानमंत्री, श्री अटल बिहारी बाजपेयी में कई मायनों में कुछ समानताएं हैं। दोनों अपने-अपने समय में लोकप्रिय नेता रहे हैं जिनका वक्तव्य सुनने के लिये बड़ी संख्या में लोग आते थे और दोनों ही जनता से जुड़े हुए नेता हैं। यह दुःख की बात है कि अब दोनों का स्वास्थ्य ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं ईश्वर से दोनों का स्वास्थ्य ठीक रहे एवं दीघार्यु होने की कामना करता हूँ।

श्री नाईक ने कहा कि श्री जार्ज फर्नाडीस की गिनती मुंबई की बुलन्द आवाज में की जाती है। उनका प्रारम्भिक जीवन संघर्ष पूर्ण रहा है। 'मुंबई बंद' का नारा जार्ज फर्नाडीस की देन है। वे मुंबई के बस, टैक्सी, आॅटो यूनियन के अध्यक्ष भी रहे। उन्होंने मुंबई लेबर बैंक की सफलतापूर्वक शुरूआत की। केन्द्र में कई मंत्रालयों का सफलतापूर्वक संचालन भी किया। पूर्व प्रधानमंत्री, श्री अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार में श्री जार्ज फर्नाडीस के साथ सहयोगी मंत्री के रूप में मुझे काम करने का मौका मिला।

बेसिक शिक्षा मंत्री, श्री राम गोविन्द चैधरी ने कहा कि श्री जार्ज फर्नाडीस केन्द्र में कई विभागों के मंत्री रहे हैं। श्री जार्ज फर्नाडीस के विचारों पर गहरा अध्ययन करके अनुसरण करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि श्री फर्नाडीस वास्तव में समाजवादी विचारधारा के नेता हैं।

समाजवादी चिन्तक, श्री रघु ठाकुर ने कहा कि श्री फर्नाडीस ने गरीबों को संगठित करके उनमें परिवर्तन लाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि श्री फर्नाडीस जमीन से जुड़े नेता हैं।

इस अवसर पर राज्य सभा सांसद, श्रीमती कनक लता सहित अन्य लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन श्री आनन्द वर्द्धन ने किया।

देश के महान समाजवादी नेता व चिंतक
जार्ज फर्नांडिस
का जन्म दिवस समारोह–3 जून

महान समाजवादी नेता व चिंतक
फर्नांडिस

देश के महान समाजवादी नेता व चिंतक
जार्ज फर्नांडिस
का जन्म दिवस समारोह–3 जून
लाईट हाउस
वैश्वीकरण के दौर में जार्ज फर्नांडिस
के विचारों की भूमिका

देश के महान समाजवादी नेता
का जन्म दिवस समारोह–3
लाईट हाउस
वैश्वीकरण के दौर में जार्ज फर्नांडिस